हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
9 जून 2025, बरेली

**PAGE NO : 02 MIDDLE**



रिद्धिमा में रविवार को नृत्यांकुर कार्यक्रम में भरतनाट्यम प्रस्तुत करते कलाकार।

# नृत्यांकुर में विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम की दी प्रस्तुति

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को नृत्यांकुर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें भरतनाट्यम के गुरुओं और विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आरंभ भरतनाट्यम के विद्यार्थी चिरन्य, मायरा, पर्या, बंदगी, तनिशी, भव्या, सान्वी, बॉबी, आद्या, अनंशी और अंबिका ने सरस्वती वंदना से किया। भरतनाट्यम गुरु रोबिन ए और तनया भट्टाचार्य ने तुंग तरंगे गंगे और देवी दुर्गा को समर्पित शक्ति को अपने भावों से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा.शैलेश सक्सेना रहे।